हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026






* **राजनांदगांव।** इन दिनों हो रही बारिश के चलते बाजार में छाता, रैनकोट की मांग बढ़ गई है। खासकर स्कूली बच्चों के लिए उक्त व्यवस्था करने परिजन जुटे हुए हैं। व्यापारियों के अनुसार मांग लगातार बनी रहेगी।

# 25 से चातुर्मास, चार महीने अब नहीं गूंजेंगी शहनाइयां

## गुरु अस्त होने के चलते एक सप्ताह से लगा शादियों पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले करीबन एक महीने से जारी अंचल में शादियों के दौर में ब्रेक लग गया है। गुरु अस्त होने के चलते 13 जुलाई के बाद से ही शादियां नहीं हो रही है। इधर पंचांग के अनुसार आगामी 25 जुलाई से चातुर्मास की शुरूआत होने जा रही है। जिसके चलते 20 नवंबर तक यानी लगभग चार महीने कोई भी शादी-ब्याह नहीं हो पाएगा।

वैदिक पंचांग के अनुसार 25 जुलाई से शादी-सगाई पर ब्रेक लग जाएगा। इसके बाद अगले 4 महीनों तक शादी-सगाई का कोई शुभ मुहूर्त नहीं है, क्योंकि 25 जुलाई से चातुर्मास की शुरूआत हो रही है। वहीं इसका समापन 20 नवंबर को होगा। इसी दिन शादी-सगाई की शुरूआत होगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु 4 महीने के लिए क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं और कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन जागते हैं।

### खास बातें

- नवंबर महीने की शादियों के लिए अभी से होटल एवं कैटरिंग की बुकिंग
- चातुर्मास में शादियों के अलावा अन्य शुभ कार्य हो सकेंगे

### नवंबर से जून तक मुहूर्त

जुलाई महीने से लगे चार महीने के ब्रेक बाद नवंबर महीने से शादियों का दौर फिर शुरू हो जाएगा। उसके बाद सीधे अगले साल जुलाई महीने में ही शादियों में ब्रेक लगेगा। इससे पहले नवंबर से लेकर जून महीने तक हर महीने शादी के लिए कई शुभ मुहूर्त हैं। इस साल विवाह के आखिरी शुभ मुहूर्त नवंबर में 21, 24, 25 और 26 तारीख को है। जबकि दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 6, 11 और 12 तारीख को विवाह के योग रहेंगे। इसके बाद भी कई शुभ मुहूर्त है।



### देवउठनी के बाद शादियों का दौर

*कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी या प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन 4 महीने के बाद भगवान विष्णु निंद्रा से जागते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने का अधिक महत्व है। साथ ही व्रत किया जाता है। देवउठनी एकादशी से ही मांगलिक काम की शुरूआत होती है। देवउठनी एकदशी के दिन चातुर्मास का समापन होता है। इसी दिन से शादी-सगाई की शुरूआत होती है।*

## कार्रवाई को लेकर परिजनों ने की शिकायत

# समय पर नहीं मिली खून की जांच रिपोर्ट, नवजात की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समय पर रक्त जांच रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से प्रसाव पीड़ा झेल रही महिला का ऑपरेशन नहीं हो पाया। जिसके चलते उसके नवजात बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन जब डिलीवरी के लिए मरीज को अस्पताल लाया जाता है तो शासकीय अस्पतालों में लापरवाही दिखाई देती है। जिससे जच्चा-बच्चा की जान भी चली जाती है। ऐसे ही एक मामले में नवजात बच्ची की मौत हो गई।

सोमवार की रात लगभग 2.45 बजे के करीब शहर के समीप टोलागांव निवासी कविता मांडवी को प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसे मातृ-शिशु अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके बाद यहां ब्लड सैंपल लिया गया और जांच के लिए लैब भेजा गया। परिजनों को सुबह 10 बजे के करीब रिपोर्ट मिलने की बात कही गई। परिजन जब सुबह रिपोर्ट लेने पहुंचे तो रिपोर्ट तैयार नहीं हुआ है, कहकर नहीं दिया गया। इधर गर्भवती की प्रसव पीड़ा को देखते हुए परिजनों ने ऑपरेशन करने की मांग भी की, लेकिन जब तक रिपोर्ट नहीं आएगा ऑपरेशन नहीं किया जाएगा कहा गया। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ी हुई देख, आनन-फानन में उसे ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया, जहां ऑपरेशन के दौरान नवजात की मृत्यु हो गई।




### कानूनी कार्रवाई करने की मांग

समय पर रक्त जांच रिपोर्ट नहीं मिलने के चलते नवजात बच्चे की मौत के मामले को लेकर परिजन आक्रोशित हुए। महिला के परिजनों ने कहा कि ऑपरेशन से पहले बच्चे की हार्टबीट अच्छी थी, लेकिन ऑपरेशन करने में देरी होने की वजह से बच्चे की मौत हुई है। परिजनों ने इस मामले में बसंतपुर थाना और एसडीएम से लापरवाही बरतने वाले समस्त अस्पताल स्टाफ पर कानूनी कार्रवाई करने मांग की गई है।

### लापरवाही से हुई मौत

*महिला के परिजन सालिक कुंजाम ने बताया कि ऑपरेशन के बाद बच्चे को परिजनों को दिखाया भी नहीं गया, जब बच्चे को लेकर पूछा गया तो कुछ भी नहीं बताया गया। स्टाफ नर्स ने कहा कि डॉक्टर बताएंगे कहा, लगभग आधे घंटे बाद भी बच्चे को नहीं दिखाया गया और इसके बाद बताया गया कि बच्चा पहले ही पेट में खत्म हो गया था। परिजनों ने आरोप लगाते कहा कि ऑपरेशन में देरी और लापरवाही की वजह से बच्चे की मौत हुई है।*

### परिजनों को नहीं दी गई रिपोर्ट

महिला की परिजन माहेश्वरी नेताम ने बताया कि अस्पताल में प्रसव के लिए कविता को भर्ती करने के बाद परिजनों ने नॉर्मल डिलीवरी की स्थिति नहीं होने पर ऑपरेशन करने मांग की थी, लेकिन जांच रिपोर्ट आने पर ऑपरेशन करेंगे कहा गया। वहीं उपस्थित नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि डॉक्टर के आने के बाद ऑपरेशन को लेकर बताएंगे, लेकिन डॉक्टर आकर चले भी गए और कुछ नहीं किया गया। सुबह रिपोर्ट लेने जाने पर रिपोर्ट नहीं दिया गया, कहा गया की रिपोर्ट दोपहर को मिलेगा। दोपहर लगभग 01 बजे ऑपरेशन के लिए ले जाया गया, तब रिपोर्ट के लिए अस्पताल स्टाफ को भेजा गया, जहां से सीबीसी की रिपोर्ट दी गई।

### प्रारंभिक जांच में खुलासा

*इस पूरे मामले को सिविल सर्जन द्वारा गंभीरता से लेकर प्रारंभिक तौर पर जांच की गई। जिसमें मामला सामने आया कि महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाटोला में रविवार की रात लगभग 9.30 बजे भर्ती कराया गया था, जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए रात लगभग 1.30 बजे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जांच के लिए ब्लड सैंपल लिया गया। दोपहर 01 बजे तक रिपोर्ट जनरेट नहीं किया गया। रिपोर्ट आने में देरी होने के चलते ऑपरेशन में देरी हुई और मां के गर्भ के भीतर बच्चा ने गंदा पानी पी लिया। जिससे गर्भ में ही उसकी मौत हो गई।*

### लापरवाही पर बनी जांच कमेटी

लैब से जांच रिपोर्ट आने में देरी होने पर दो लैब टेक्नीशियन को कार्य से हटा दिया गया है। रात्रिकालीन और सुबह ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा अधिकारियों पर जिला स्तरीय जांच कमेटी बनाई गई है।

- **डॉ. महेंद्र प्रसाद,** सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय

# सड़क पर उतरे सैकड़ों छात्र, प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री और पीएम से मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिल्ली के जंतर-मंतर में हो रहे कॉकरोच जनता पार्टी और छात्रों के प्रदर्शन को समर्थन देने आज शाम शहर में भी युवाओं की भीड़ सड़क पर उतर आई। शहर के मानव मंदिर चौक से जयस्तंभ चौक तक युवा छात्रों के आंदोलन का सैलाब दिखाई दिया। इस दौरान प्रदर्शन करते छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री से इस्तीफा मांगा।

नीट पेपर लीक मामले में देशभर में विद्यार्थियों की मौत के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा मांगा जा रहा है। इस मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन को समर्थन देने सोमवार शाम सैकड़ों की संख्या में युवा छात्र सड़क पर आ गए। इन छात्रों के समर्थन में बड़ी संख्या में महिला, पुरूष और कोचिंग सेंटर संचालक भी शामिल हुए। वहीं हाथों में तख्ती, बैनर, पोस्टर लेकर सभी ने प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा कि पेपर लीक से देश के छात्र त्रस्त होकर डिप्रेशन में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए वह अपनी आवाज बुलंद करने आए हैं।




### दिग्विजय कॉलेज के बाहर भी प्रदर्शन

*शहर के दिग्विजय कॉलेज के बाहर भी छात्रों ने दिल्ली आंदोलन को समर्थन देते प्रदर्शन किया। अपने आंदोलन को लेकर टप्पा क्षेत्र के निवासी छात्र वासुदेव सिन्हा ने कहा कि नीट पेपर लीक से छात्रों का भविष्य खराब हुआ है और केंद्रीय शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेते अपने पद से इस्तीफा भी नहीं दे रहे हैं। छात्र ने कहा कि इस आंदोलन को समर्थन देने वह दिल्ली नहीं जा सकते, लेकिन यहां से वे आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। वहीं छात्रा दुर्गा कोरेटी ने कहा कि छात्रों के भविष्य के लिए सोनम वांगचुग ने गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया, जिन्हें बलपूर्वक हटाया गया। उन्होंने कहा कि उनके समर्थन में हम यहां खड़े हैं।*

### सिस्टम का फेलियर, अब जवाब का वक्त

*सैकड़ों की संख्या में अचानक पहुंचे युवाओं को देखकर प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस दौरान युवाओं ने छात्रहित में अनशन कर रहे सोनम वांगचुग पर जोर-जबर्दस्ती की कार्रवाई का कड़ा विरोध किया और उनका समर्थन किया। आंदोलन करने पहुंची निधि अंबादिया, सूर्यकांत शर्मा, दर्शना सहित अन्य युवा छात्रों ने कहा कि वह किसी राजनीतिक पार्टी को सपोर्ट करने नहीं आए, बल्कि सिस्टम के फेलियर को लेकर सड़क पर उतरे हैं। युवा छात्रों ने कहा कि अब सरकार को जवाब देने का समय आ गया है।*




# नाबालिग से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग को भगाकर ले जाने एवं शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 जुलाई को प्रार्थिया ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को अंशु नेताम निवासी कंचनबाग राजनांदगांव द्वारा 14 फरवरी को जबर्दस्ती अपने साथ भगाकर उतई एवं खम्हरिया दुर्ग ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर 5 माह तक लगातार शारीरिक संबंध बनाना एवं घर का कोई काम नहीं होने पर हाथ व बेल्ट से मारपीट कर राजनांदगांव में लाकर छोड़ देना बताई। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 351(2), 137(2), 87, 64(2) (एम) बीएनएस, 4, 6 पॉक्सो एक्ट कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस आरोपी की लगातार पतासाजी कर 20 जुलाई को आरोपी अंशु नेताम निवासी कंचनबाग राजनांदगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया, जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।









## खबर संक्षेप

### नगर पालिका ने गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना



**डोंगरगांव।** नगर पालिका ने स्वच्छता अभियान के तहत रेस्ट हाउस के बाउंड्रीवाल से लगी फल दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ फल दुकानदारों द्वारा सड़े गले फल एवं कचरा सार्वजनिक स्थान पर फेंकना पाया गया। संबंधित दुकानदारों पर 44 सौ की चलानी कार्यवाही की गई। पालिका की सफाई टीम द्वारा मौके पर जमा कचरे को हटाकर संपूर्ण क्षेत्र की सफाई किया। सभी दुकानदारों को भविष्य में कचरा नहीं फेंकने की समझाइश दी गई।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए मितानिनों का सम्मान



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 13 मितानिनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने मितानिनों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कलेक्टर ने डोंगरगांव विकासखंड से शारदा सिन्हा, चितरेखा देवांगन, फलिता साहू एवं देवकी वर्मा, छुरिया विकासखंड से पुनम साहू , राधामनी एवं सुलोचना साहू, डोंगरगढ़ विकासखंड से दिलेश्वरी गोंड, कामता वर्मा एवं डोमन, घुमका से उत्तरा देवांगन, रजनी एवं मांगतीन को सम्मानित किया। मितानिनों द्वारा किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से संबंधित एचपीवी वैक्सीन, हाईरिस्क गर्भवती माता, संस्थागत प्रसव, शिशु एवं मातृ मृत्यु ,टीवी एवं कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत, कैंसर के मरीजों की पहचान, फाइलेरिया की दवा तथा स्कूलों में किशोरी बालिकाओं की समस्या समाधान हेतु की गई गतिविधियों में सहयोग, आयरन फोलिक एसिड की दवा, मानसिक मरीजों को मेडिकल कॉलेज ले जाना, शून्य से 5 वर्ष के कुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त के लिए एनआरसी में भेजना,12 सप्ताह पहले गर्भवती माता का पंजीयन, पूर्ण टीकाकरण सहित अन्य कार्य में सराहनीय योगदान के लिए उत्कृष्ट मितानिन के रूप में चयन किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डीपीएम संदीप ताम्रकार, अनिल श्रीवास्तव, डीसी सुकून दास मानिकपुरी सहित मितानिन प्रशिक्षक एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

### नवीन सत्र में कई विषयों की पढ़ाई शुरू नहीं

# उत्कृष्ट शाला में शिक्षकों की कमी

## पालकों की बढ़ी चिंता, स्कूल से टीसी लेने लगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

नवीन शिक्षा सत्र प्रांरभ हुए एक माह हो गया है किन्तु स्थानीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम कन्या शाला में कई विषयो की पढाई शुरू नहीं हो पाई है। शाला में अध्यनरत चार सौ से अधिक बच्चों के भविष्य को लेकर पालको को चिंता सताने लगी है। विद्यालय में शिक्षको की नियुक्ति की मांग को लेकर पालक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रहे है लेकिन अब तक शिक्षकों की पोस्टिंग नहीं हो सकी है।

पांच साल पहले प्रारंभ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी- हिंदी माध्यम स्कूल में दाखिला के लिए पालक संघर्ष करते नजर आते थे, लेकिन अब इस विद्यालय में बच्चो को पढाने के लिए लोगों रूचि नहीं दिखा रहे है क्योकि इस विद्यालय में शिक्षकों की कमी से न केवल पढाई प्रभावित हो रही है बल्कि परीक्षाफल भी सात दर साल गिरते जा रहा है। पालक अब बच्चों को भर्ती कराना तो दूर संस्था में पहले दाखिला ले चुके बच्चों की टीसी निकाल रहे हैं।

### कामर्स संकाय तीन साल से बंद

इस विद्यालय में कामर्स संकाय पिछले तीन साल से बंद है। बंद होने का कारण भी शिक्षकों का अभाव रहा है। विद्यालय में कामर्स के दो व्याख्याताओ का पद स्वीकृत है लेकिन तीन वर्ष से पोस्टिंग नहीं हुई है। तीन साल पदस्थ दो व्याख्याता 2022 एवं 2023 में सेवानिवृत्त हो गए है। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद नई नियुक्ति नहीं हुई है। वाणिज्य शिक्षक नहीं होने के कारण छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।



### नियुक्ति की मांग की गई

प्राचार्य भरत चौहान ने बताया कि शिक्षकों के रिक्त पदो की जानकारी शीर्ष कार्यालय एवं अधिकारियो को दी गई है। शिक्षको की नियुक्ति करने की मांग की गई है।

### निराशाजनक परिणाम

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम कन्या शाला का परीक्षाफल बेहद निराशाजनक रहा है। जानकारी के अनुसार दबसी का परीक्षाफल मात्र 37 प्रतिशत तो बारहवीं का परिणाम 61 प्रतिशत रहा। परिणाम की स्थिति से शाला की शैक्षणिक व्यवस्था का अंदाज लगाया जा सकता है।

### नगर अध्यक्ष से मिले पालक

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम शाला में शिक्षकों की कमी को लेकर बच्चों एवं पालकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी से भेंटकर ज्ञापन सौंपा। पालकों ने नगर अध्यक्ष से गुहार लगाई की वह पीएमश्री शाला में जल्द से जल्द शिक्षकों की पोस्टिंग कराए।

### विषय शिक्षकों का अभाव

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम शाला में गणित, संस्कृत, भौतिक और राजनीति के शिक्षक की नियुक्ति ही नहीं हुई है। बताया जाता है कि भौतिक के व्याख्याता का निलंबन के बाद से पद रिक्त है। हिंदी माध्यम के बच्चो को अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक द्वारा पढाया जा रहा है। भाषाई अंतर के कारण बच्चों को पढाई करने में परेशानी हो रही है जबकि गणित के संविदा व्याख्याता को इस वर्श सेवावृद्धि नहीं दी गई, जिससे पद खाली हो गया है। गणित शिक्षक नही होने से प्रषिक्षु बीएड छात्र अध्यापक के माध्यम से गणित की पढाई कराकर खानापूर्ति की जा रही है। राजनीति विज्ञान के व्याख्याता का संलग्नीकरण कन्या आश्रम मक्के कर दिया गया है। तीन साल से राजनीति की शिक्षक मक्के में सेवा दे रही है। अटैचमेंट समाप्त करने के बाद शिक्षक की वापसी नहीं हुई है। संस्कृत के व्याख्याता के सेवानिवृत्ति होने के बाद अन्य की पोस्टिंग नहीं हुई है।

## अधिक से अधिक घरों में सोलर पैनल लगाने पर हुआ मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बुधवार को अपने कक्ष में विद्युत, निगम एवं बैंक अधिकारियों एवं वेंडर्स की बैठक ली। बैठक में निकाय क्षेत्र में योजना का लाभ देने अधिक से अधिक सोलर पैनल लगाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वकाक्षी योजना है। योजना का प्रमुख उद्देश्य अपने घर में ही उर्जा उत्पादन कर बिजली बिल से मुक्ति पाना एवं उर्जा संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि योजना का शहर सीमा में नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ देने प्रचार-प्रसार करना है। कलेक्टर का निर्देश है कि कम से कम 10 हजार शहरी घर में सोलर पैनल लगे, इसके लिए प्रमुखता से कार्य करना है। घर में बिजली खपत के अनुसार पैनल लगाना है। इसके लिए बैंक ऋण की भी सुविधा है, इस संबंध में जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि महापौर ने भी आगामी दिनों में शहर में प्रचार-प्रसार के लिए पार्षदों की कार्यशाला आयोजित करने कहा है। इस संबंध में भी रूपरेखा तैयार करने चर्चा की गई।

### हितग्राहियों को दी जाएगी जानकारी

विद्युत मंडल के सहायक अभियंता रोहित मंडावी ने बिजली खपत के आधार पर 1, 2 व 3 किलो वाट के सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ-साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान तथा सोलर पैनल के लाभ के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार लीड बैंक मैनेजर मनीष शर्मा ने भी योजनांतर्गत सोलर पैनल लगाने ऋण के संबंध में विस्तार से बताया। आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि निगम के सभी तकनीकी अधिकारियों, राजस्व प्रभारियों से अपने-अपने वार्ड में सोलर पैनल लगाने वार्डवासियों को प्रेरित करने कहा गया है। उसके लाभ के बारे में जानकारी देनी है। बैठक में दीपक खांडे, यूके रामटेके, प्रणय मेश्राम, ज्योति साहू, गरिमा वर्मा, सुषमा साहू, हिमांशु भुवार्य, निगम के उप अभियंता सहित बैंकर्स एवं वेंडर्स उपस्थित थे।

## तीरंदाजी में खिलाडियों ने हासिल किए कई पदक



■ खिलाड़ियों के प्रदर्शन से अकादमी में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

दुर्ग संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जंगलपुर तीरंदाजी अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल कर जिले एवं अकादमी का नाम गौरवान्वित किया है। जानकारी के अनुसार 14 वर्ष बालक वर्ग में यश उके ने फोर्थ रेंक, खोमेंद्र साहू फर्स्ट रेंक, 17 वर्ष बालक वर्ग में सुमित यादव ने फर्स्ट रेंक, नमन साहू ने थर्ड, 17 वर्ष बालिका वर्ग में तिथि चौबे ने फर्स्ट रेंक, वैष्णवी साहू ने फोर्थ रेंक, उत्सवी साहू ने सेकंड रेंक, 19 वर्ष बालक वर्ग में गोपेश साहू ने फस्ट रेंक, जयेश साहू सेकंड, अनुराग साहू थर्ड, निखिल साहू फोर्थ, तनुष साहू फस्ट, 19 वर्ष बालिका वर्ग में सेवती साहू सेंकड, योगिता साहू थर्ड, नीलम सिन्हा फस्ट, कुमकुम साहू फस्ट, तृप्ति साहू ने सेकंड रेंक प्राप्त किया। इस उपलब्धि का श्रेय प्रशिक्षक राहुल साहू एवं भूपेंद्र सिन्हा के उत्कृष्ट मार्गदर्शन को है। जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जंगलपुर सरपंच भूपेंद्र साहू, राजेश सिन्हा आदि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी हैं।

## बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 14 जुलाई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश देते कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेहतर तरीके से कार्य करने विभागीय स्तर पर समुचित कार्ययोजना तैयार की जाए। कलेक्टर ने जिले में पौधरोपण अभियान की तैयारियों एवं प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पौधों की उपलब्धता, रोपण स्थलों के चयन तथा विभागवार लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1076, जन शिकायतों, सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों तथा अन्य लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते कहा कि सभी आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए नियमित ऑनलाइन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।




### कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने पर जोर

कलेक्टर ने कुपोषण मुक्ति अभियान की समीक्षा करते कहा कि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा कुपोषित बच्चों को हर हाल में सुपोषण की श्रेणी में लाने प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त होने वाले ग्राम पंचायतों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों को सम्मानित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य स्क्रीनिंग, समय पर सोनोग्राफी, उपचार एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनके स्वास्थ्य की प्रतिदिन मोबाइल के माध्यम से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते बताया कि जिले में अब तक 4 हजार 777 किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने स्कूलवार रोस्टर बनाकर टीकाकरण अभियान में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### समय सीमा में कार्य कराने के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का परीक्षण शीघ्र पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों के घरों में सोलर पैनल स्थापना का कार्य तेजी से कराया जाए। उन्होंने वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से सूर्यघर सभाएं आयोजित कर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 3 हजार 959 हितग्राहियों के घरों में सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। जिससे वे ऊर्जा उत्पादक बनने के साथ अतिरिक्त बिजली उत्पादन से आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों में वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से बचाव के लिए नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सामुदायिक भवन व शेड का लोकार्पण



**छुरिया।** ग्राम कोरगुड़ा धरमूटोला में नवनिर्मित सामुदायिक भवन एवं शेड का लोकार्पण विधायक भोलाराम साहू ने किया। इस मौके पर विधायक श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास ही उनका मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन एवं शेड जैसी आधारभूत सुविधाएं सामाजिक जीवन को मजबूती प्रदान करती है। इस अवसर पर प्रताप धावड़े, राजू सिन्हा, भानुप्रताप कोमरे, हौसीलाल साहू, डोमनदास साहू, ललिताबाई देशलहरे, जंत्रीबाई, जानकीबाई, दुर्गाबाई, डिगेश्वरी, हीराराम कंवर, संजय साहू, रामरतन सहारे, शंकरलाल, प्रकाश कुमार, मनोज साहू, तुकाराम, चन्द्रकुमार, जयसिंह साहू, गेंदलाल साहू, बिंदूराम कंवर, जगन ठाकुर, मोहनलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अगुवानी में उमड़े सामाजिकजन

# जयकारा के साथ साध्वियों का मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

नगर में अध्यात्म और त्याग की प्रतिमूर्ति साध्वी आज्ञांजना म. सा. एवं साध्वी आगमरुचि म. सा, का भव्य मंगल प्रवेश अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ। चातुर्मास हेतु नगर आगमन पर जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने पलक-पावड़े बिछाकर साध्वी भगवंतों की अगवानी की।

सुबह साध्वी द्वय के ब्राह्मण समाज भवन से शहर की ओर गमन करते ही का पूरा क्षेत्र गुरुदेव के जयकारा और वर्धमान की जय के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा।श्रद्धालुओं ने रास्ते भर केसरिया और श्वेत वस्त्रों में सजकर अगवानी की। महिलाओं ने अपने घरों के आगे आकर्षक रंगोली सजाई और अक्षत-कुंकुम के साथ मंगल आरती उतारी।





### शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

मंगल प्रवेश के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जैन ध्वज लिए युवा चल रहे थे, वहीं श्राविकाएं मंगल कलश धारण किए हुए थी। साध्वी श्री आज्ञांजना म.सा. और आगमरुचि म.सा. शांत मुद्रा में मंद-मंद मुस्कुराते हुए श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान कर रही थीं। यह शोभायात्रा श्री शांतिनाथ मंदिर पहुंची। मंगल प्रवेश के दौरान मनोज बैद, हुकुमचंद बैद, रौशन गोलछा, दिनेश गांधी, अब्बू बैद, विजय जैन, ओमप्रकाश बैद, चंदू लोढा, उत्तमचंद नाहटा, रामकिशन महेश्वरी, ढीना पटेल, रोहित गुप्ता, सतीश जैन, राजकुमार जैन, दिनेश नखत, हेमंत चोपड़ा, संदीप जैन, अखिलेश नखत, टिकेश साहू, पद्मिनी ठाकुर, गुलशन हिरवानी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, शीतल लोढ़ा, पुष्पा कोचर, पूनम श्रीश्रीमाल, सुनीता नखत, लक्ष्मी नखत, पिंकी लोढ़ा, योगिता, निर्मला मालेकर के अलावा बालोद, नारायणपुर के सामाजिकजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### धार्मिक संस्कार ही पूंजी

साध्वी आगमरूचिश्रीजी म.सा. ने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने सभी से विनय, विवेक, विद्या और वचन को जीवन का आधार बनाने का संदेश देते हुए कहा कि इन मूल्यों से परिवार, समाज और आत्मा का कल्याण होता है।

### धर्म ही जीवन की बड़ी पूंजी

साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास केवल चार महीने का प्रवास नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने, जीवन को दिशा देने और धर्म से जुड़ने का अनुपम अवसर है। वर्षभर में यही वह समय है, जब अधिक से अधिक धर्म, ध्यान, स्वाध्याय और संयम का लाभ लिया जाए। यही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बन जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि केवल दर्शन तक ही सीमित न रहें, बल्कि प्रतिदिन प्रवचन, स्वाध्याय, तप, सामायिक और धर्मचर्चा से जुड़कर चातुर्मास का लाभ उठाएं।



## जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कामकाज ठप

# कर्मचारी हुए रीलिफ, कलेक्टोरेट में पसरा सन्नाटा, लोग लौटे वापस

### आदेश को लेकर देखी जा रही काफी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की मूल पदस्थापना वाली जगहों पर रवानगी आदेश से कलेक्टोरेट के अलावा जिला और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समूचा काम काज लगभग ठप्प पड़ गया है।

कार्यालय खुला है, कुर्सिया जमी है, लोग आ जा रहे है, लेकिन काम करने वाले लोग नही है जिसके चलते लोग मायूस लौट रहे है। जानकारी अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश बाद जनप्रतिनिधियों को कार्यालयीन काम काज के लिए मिले कर्मचारी भी वापस लौट गए है। कलेक्टोरेट के 27, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के 12 और बीईओ कार्यालय के 3 की मूल संस्था में वापसी आदेश के साथ ही कार्यालयीन काम काज के लिए शिक्षा विभाग से विधायक यशोदा वर्मा को मिले दो और जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार के पास के एक कर्मचारी को भी रीलिफ कर दिया गया है जिसके चलते अब मूल संस्था मे वापसी वाले गैर शैक्षणिक कर्मचारियो की संख्या 47 हो गई है।

सालों से मूल संस्था से अलग हटकर काम करने वाले शिक्षा विभाग के बाबूओ मे संचालनालय के उक्त आदेश को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है हालांकि कारवाई के डर से वो वापस लौट तो गए है, लेकिन आने वाले समय मे शैक्षणिक स्टाफ को पुराना आदेश होने के बाद भी संलग्र कर काम लेने वाले अधिकारियों को लेकर उनकी भड़ास निकल सकती है। वही प्रतिनियुक्ति को लेकर भी उनका कहना है कि जब उनको मूल जगह वापस भेजा जा रहा तो बाकियो के लिए विभाग रहमदिल क्यो दिखा रहा है।



#### प्रतिनियुक्ति और शैक्षणिक की वापसी की उठी मांग

नए जिले मे कर्मचारियो की कमी के चलते सरकारी काम काज के लिए शिक्षा विभाग के गैर शैक्षणिक कर्मचारियो को जिला कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे काम की अधिकता के चलते विभाग के गैर शैक्षणिक स्टाफ को संलग्र कर काम लिया जा रहा था। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 14 जुलाई को जारी आदेश में उन्हें मूल संस्था में उपस्थिति आनलाइन एप के माध्यम से नही देने पर जुलाई महीने का वेतन रोकने, अनुशासनात्मक कारवाई और निर्धारित समय सीमा मे ज्वाइंनिंग नही देने के बाद उनके कार्यभार ग्रहण तक की तिथि को ब्रेक इन सर्विस संबंधी प्रस्ताव भेजने कहा था। उक्त आदेश के पालन को लेकर कर्मचारियों में भी इस बात को लेकर नाराजगी है कि जिनके पास उन्होंने सालों काम किया वही अधिकारी संचालनालय के आदेश का अक्षरशः पालन करने तत्पर दिखे। दबे स्वर में कर्मचारियों ने कहा कि जिस तरीके से संचालनालय ने गैर शैक्षणिक की वापसी को लेकर तानाशाही दिखाई है वैसे ही प्रतिनियुक्ति समाप्त करने और शैक्षणिक स्टाफ की वापसी को लेकर भी तत्परता दिखाए ताकि उन्हे यह महसूस ना हो कि उनके साथ विभाग ने दुहरा रवैया अपनाया है। उनका कहना है कि नीति सभी पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। यदि प्रशासनिक जरूरतों के कारण प्रतिनियुक्ति आवश्यक है तो विभाग को इसकी स्पष्ट नीति और कारण सार्वजनिक करना चाहिए।

#### बढ़ा काम का दबाव

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यालयीन काम काज के लिए 20 कर्मचारियों को सेटअप स्वीकृत है। नए जिले में कार्यालयीन काम काज संपादन को लेकर जिले के अलग-अलग हाई और हायर सेकंडरी स्कूल में कार्यरत बाबूओ को संलग्र किया गया था, लेकिन संचालनालय के आदेश मानने की बाध्यता के चलते 12 कर्मचारियों को रीलिफ करना पड़ा और अब महज चार बाबूओ के सहारे शिक्षा विभाग का जिला कार्यालय टिका हुआ है। रीलिफ होने वाले हर बाबू के पास तीन से चार विभाग का काम था उनकी रवानगी के बाद अब बचे चार बाबूओ को उन विभागो का काम भी देखना पड़ रहा है जिसके चलते काम का दबाव बढ़ गया है।

#### समायोजन किया गया है

उपलब्ध स्टाफ को विभागों का समायोजन किया गया है। कार्यालयीन काम काज बाधित ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। - **मुकुल केपी साव,** डीईओ

# बिजली, शौचालय के अभाव में जर्जर हो रहा नया स्कूल भवन

### लोकार्पण के बाद भी नहीं लग रही कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

साल भर पहले लाखों की लागत से बने स्कूल भवन में लोकार्पण के बाद कक्षाएं नही लग रही जिसके चलते भवन दिनों दिन बदहाल होता जा रहा है। जिपं के पूर्व सभापति विप्लव साहू ने बताया कि ब्लाक के ग्रापं भरदाकला में लगभग एक साल पहले हाई स्कूल भवन का लोकार्पण बड़े उत्साह के साथ किया गया था।

छात्र छात्राओं को उम्मीद थी कि नए भवन में उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा लेकिन लोकार्पण के एक साल बाद भी भवन में नियमित कक्षाएं प्रारंभ नहीं हो सकी है। पूर्व सभापति विप्लव साहू को ग्रामीणों ने बताया कि आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लाखो रुपये की लागत से निर्मित भवन आज भी उपयोग की प्रतीक्षा कर रहा है। भवन में आज तक बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया है। शौचालय की समुचित व्यवस्था भी नहीं होने के कारण शिक्षा विभाग भवन में कक्षा संचालित नहीं कर रहा इस संबंध में जनप्रतिनिधियों ने कई बार शिक्षा विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर उक्त समस्या के निराकरण की मांग की लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। विभागीय उदासीनता के चलते ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।



#### मिडिल में बैठना मजबूरी

जिपं के पूर्व सभापति विप्लव साहू ने कहा कि लंबे समय से बंद पड़े रहने के कारण नए भवन की स्थिति भी धीरे-धीरे खराब हो रही है। टाइल्स, फिटिंग्स सहित अन्य निर्माण कार्य रखरखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहा है, जिससे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। वर्तमान में हाई स्कूल की कक्षाएं पुराने मिडिल स्कूल परिसर में संचालित की जा रही हैं. जहां स्थान सीमित होने के कारण छात्र-छात्राओं को बैठने, पढ़ाई करने और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि पर्याप्त कक्ष और संसाधन नहीं होने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रभावित हो रहा है जिसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और उनके भविष्य पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नए हाई स्कूल भवन में तत्काल बिजली आपूर्ति, शौचालय सहित सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराकर नियमित कक्षा प्रारंभ की जाएं। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो शासन की महत्वपूर्ण शैक्षणिक योजना का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के अधिकार से वंचित होना पड़ेगा।

#### युडीआईडी कार्ड बनाने शिविर 22 को

**मोहला।** बस्तर मुन्ने अभियान अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहला में किया गया है। शिविर में चिन्हांकित दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं युडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे।

# दुकानों का जीर्णोद्धार करने की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक बुधवार को नगर निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण, पाईप लाइन विस्तार, इंटर कनेक्शन, निगम स्वामित्व की दुकानों का जीर्णोद्धार के अलावा आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति, जाति प्रमाण पत्र, दुकानों की लीज अवधि में वृद्धि करने संबंधी विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

महापौर श्री यादव ने बताया कि बजट प्रावधान अनुसार लखोली, कन्हारपुरी से मोहारा बाइपास तक, रेवाडीह चौक से गोकुल नगर तक नाला निर्माण करने निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार पेयजल सप्लाई के लिए पाईप लाइन विस्तार करने, इंटर कनेक्शन कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही निगम स्वामित्व के टाउन हाल परिसर जीई रोड के किनारे की 38 दुकानें एवं कस्तूरबा महिला मंडल रोड की 18 दुकानों का जीर्णोद्धार करने निर्माण की स्वीकृति दी गई।



#### पेंशन राशि देने की अनुशंसा

इसी प्रकार राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशि देने की स्वीकृति तथा समाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पेंशन राशि देने अनुशंसा की गई। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी सहायिका एवं पालना सहायिका नियुक्ति, जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण, दुकानों की लीज अवधि में वृद्धि करने तथा नामांतरण के प्रकरणों के अलावा मवेशी बाजार नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति सहित मोबाइल टॉवर एवं भूमिगत केबल पर संपत्तिकर अधिरोपण के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। बैठक में सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, केवरा विजय राय, वर्षा शरद सिन्हा, आलोक श्रोती, डीलेश्वर प्रसाद साहू, राजा माखीजा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, आयुक्त जीआर मरकाम, दीपक खाण्डे, यूके रामटेके, प्रणय मेश्राम, ज्योति साहू, गरिमा वर्मा, सुषमा साहू, मोबिन अली, हितेश ठाकुर, राकेश नंदे, राजेश मिश्रा, नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की राय से शाला प्रबंधन समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों की सलाह से अध्यक्ष विवेद यादव, उपाध्यक्ष अगेश्वरी कुंजाम, शिक्षाविद गीतालाल यादव, विषय विशेषज्ञ किसुन कुंजाम, सदस्य मूलचंद नेताम, बबीता कंवर, जामुन बाई, शिक्षक एसके साहू, एनआर सूर्यवंशी, लीलाधर नेटी, एनजे खान, आरके कोर्राम, राकेश शर्मा, प्रकाश साहू, एम बावनकर, बीके कंवर, रूखमणी जंघेल, श्रीमती मंडलोई को बनाया गया है।

# गातापार जंगल भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मण्डल भाजपा पांडादाह के अंतर्गत आने वाले गातापार जंगल शक्ति केन्द्र की मासिक बैठक संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व जिला भाजपा प्रभारी नलिनीश ठोकने, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नलिनीश ठोकने ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा एक विचार आधारित पार्टी है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। विक्रांत सिंह ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार नियमित रूप से शक्ति केन्द्र स्तर पर बैठक आयोजित की जा रही है, जिससे संगठन और अधिक सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिली है और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी देने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की अपील की। इस दौरान प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, टीके चंदेल, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, टोमेश साहू, संजय यदु, कमलेश भदौरिया, नरोत्तम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

गातापार जंगल में आयोजित बैठक दौरान कांग्रेस के 10 कार्यकर्ताओं ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व जिला प्रभारी नलिनीश ठोकने की मौजूदगी मे पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विक्रांत सिंह ने सभी प्रवेशी कार्यकर्ताओं का गमछा पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी परिवारवाद पर आधारित पार्टी नहीं है, बल्कि यह कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि होता है। उन्होंने पार्टी की रीति-नीति व संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशहित में अनेक ऐतिहासिक कार्य हो रहा हैं। इसी प्रकार प्रदेश मे सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लगातार विकास कार्य कराया जा रहा हैं, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर भाजपा की सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने संगठन के कार्यों को परिवार के कार्यों की तरह समर्पण भाव से करने पर जोर दिया।

### छत्तीसगढ़ हॉकी की विशेष आमसभा आयोजित

# राष्ट्रीय खेल नीति के सभी प्रावधानों को छत्तीसगढ़ हॉकी लागू करेगी : फिरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ हॉकी की विशेष आमसभा संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी के स्वागत भाषण के साथ महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ हॉकी के विशेष आमसभा की कार्रवाई को प्रारंभ करते उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

राजनांदगांव के द सिंग होटल मित छत्तीसगढ़ हॉकी की विशेष आमसभा में हॉकी के उत्थान एवं विकास के साथ ही खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के राजपत्र के राष्ट्रीय खेल सरकारी अधिनियम 2025, राष्ट्रीय खेल निकाय नियम 2025 व 31 दिसंबर 2025 की अधिसूचना। जिसमें राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 के प्रावधानों को अधिसूचित कर निर्देशों का पालन करने प्रस्ताव पारित करने के उद्देश्य से किया गया है। आमसभा में आशा थॉमस, एमवाय कुरैशी, शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, रवि पारिख, गोपेश्वर कहरा, मृणाल चौबे, अनुराज श्रीवास्तव, अमिताभ मानिकपुरी, अयूब इरफान, निय्याजुद्दीन शेख, मोहम्मद तारिक कुरैशी, शकील अहमद, बबीता लिल्हारे, अजीत गौतम, धनीराम यादव, सोमनाथ, सचिन कुमार, अभिनव मिश्रा, किशोर धीवर, कृष्णा यादव आदि उपास्थित थे।



#### विस्तारपूर्वक दी जानकारी

छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने वर्ष 2025-26 के बजट के अनुपादन के साथ ही इस कार्यकाल में हॉकी छत्तीसगढ़ द्वारा हॉकी के विकास के लिए किए गए कार्यों का विस्तारपूर्वक जानकारी एवं आगामी वर्ष सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। इसके पश्चात आगामी कार्यकाल के लिए सभी हॉकी जिला ईकाईयों के साथ ही हॉकी से जुड़े लोगों व पदाधिकारियों से सहायोग की अपेक्षा करते हुए हॉकी के विकास की बात कही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उपलब्धियां की जानकारी दी गई।

#### ग्रास रूट लेवल पर काम करें

श्री अंसारी ने कहा कि विगत वर्ष छत्तीसगढ़ हॉकी के लिए ऐतिहासिक एवं उत्साहपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन व खेल विभाग खिलाड़ियों की सुविधाओं के विस्तार हेतु काफी महत्व दे रहे हैं और हम सबका यही प्रयास रहेगा कि प्रदेश की प्रतिभाओं को हमेशा सम्मान मिले। उन्होंने सभी जिलों को निर्देश दिया कि हॉकी को बढ़ाने हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इसके लिए सभी जिला हॉकी संघ ग्रास रूट लेवल पर कार्य करें। उन्होंने बताया कि अगर सभी जिला हॉकी अपने दस्तावेज सही तरीके से तैयार करती है। जिसमें फर्म सोसायटी से रजिस्ट्रेशन, पेनकार्ड और जिला हॉकी संघ का बैंक खाता पूर्ण होना शामिल है। रजिस्ट्रेशन के नियम का पालन करने पर हॉकी इंडिया द्वारा सभी जिला इकाइयों को अनुदान की राशि प्रदान की जाएगी। इसी के साथ जिले के रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# पेयजल समस्या दूर करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने मंगलवार सुबह वार्ड नंबर 30, 31 एवं 32 के कंचनबाग, जनता कालोनी तथा राहुल नगर में पैदल भ्रमण कर पानी, सफाई व पीसीसी रोड निर्माण का जायजा लिया। कंचनबाग बांस टाल के पास बारिश का जल भराव होने पर पीसीसी रोड निर्माण, केशर नगर अटल आवास एवं जनता कालोनी में नाली निर्माण कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

वहीं राहुल नगर में पेयजल समस्या के निदान के लिए मदरसा रोड एवं गौराचौरा के पास पाईप लाइन में कनेक्शन जोड़ने कहा गया । महापौर ने वार्डवासियों एवं पार्षद की मांग अनुसार महापौर निधि से सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी। निरीक्षण दौरान कंचनबाग क्षेत्र से आने वाले बरसाती पानी के बहाव को रोकने राहुल नगर में नाला निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार करने कहा। उन्होंने केशर नगर अटल आवास का निरीक्षण कर रहवासियों से साफ-सफाई रखने एवं घरों से निकलने वाले कचरा स्वच्छता दीदीयों को देने समझाइस दिए।

राहुल नगर के रहवासियों ने आधे हिस्से में अच्छे फोर्स के साथ पानी आने पर महापौर का आभार व्यक्त करते शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर गिरिजा निर्मलकर, चंद्रशेखर लश्करे, रीना सिन्हा, विट्ठल पटेल, संतोष निर्मलकर, विजय सिन्हा, सूर्यकांत गुप्ता, नरेश रामटेके, अरुण मरकाम, मनसुख यादव सहित नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कृषकों को निर्बाध एवं गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति प्राथमिकता : मेश्राम

- मुख्य अभियंता ने समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने पारीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेस हॉल में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के सभी कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं की समीक्षा बैठक लेकर निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल एवं अनिश्चितकालीन मानसून को देखते स्वभाविक रूप से कृषि पंपो का उपयोग वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इस दौरान कृषक उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर निर्बाध एवं गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति ही सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। सतत विद्युत आपूर्ति के मद्देनजर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की ने कहा कि जिले में विफल ट्रांसफार्मरों को बदलने त्वरित कार्रवाई हो, उन पर सतत निगरानी रखी जाए एवं निश्चित समयावधि में बदल दिया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करें, निर्धारित लक्ष्य एवं कंपनी के दायित्वों के निर्वहन को पहली प्राथमिकता दें। इस अवसर पर शंकेश्वर कंवर, सीमा ढील, जीएस फ्लोरा, आलोक दुबे, बीरबल उइके, एसपी जैकब, अनिल रामटेके, मुकेश साहू, नुरेन्द्र साहू सहित सभी सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता उपस्थित हुए।



#### अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्य अभियंमता श्री मेश्राम ने विद्युत उपभोक्ताओं से संवाद, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निराकरण, मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पॉवर कंपनी द्वारा अपनाई गई नवीनतम टेक्नॉलाजी के जरिये उपभोक्ताओं की सेवा में वृद्धि, शिकायतों के त्वरित निराकरण, वर्षाकाल में विद्युत विषयक कार्यों की प्रगति, विद्युत दुर्घटना-चोरी रोकने जागरूकता सहित राज्य शासन की रीति-नीति के अनुरूप बिजली की निर्बाध आपूर्ति जैसे विषयों पर त्वरित कार्यवाही हेतु मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया।

## सार समाचार

### दिग्विजय महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण

**राजनांदगांव**। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 जुलाई को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके उके के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों, स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। डॉ. एसके उके ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवनदायी आधार हैं तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने वृक्ष लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक एचसी जैन, सुमन कोचर एवं रागिनी भी उपस्थित रहे।



### आईटी सेल की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव**। जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में सोशल मीडिया, मीडिया एवं आईटी सेल की समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डिकेश साहू ने संगठन की विचारधारा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने, सोशल मीडिया के सशक्त उपयोग, त्वरित एवं तथ्यपरक संवाद तथा मीडिया समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। आईटी सेल में गिन्नी चावला को छत्तीसगढ़ की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली बुलाकर सम्मानित किए जाने पर उनका सम्मान भी किया गया। बैठक में नमो एप, सरल एप के उपयोग की जानकारी भी दी गई। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी अमर लालवानी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी ईशान शर्मा, आईटी सेल से उत्तम टांक ने अपने प्रभार की गतिविधियों एवं आगामी रूपरेखा के बारे में बताया। संचालन जिला प्रवक्ता रामकुमार गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती तथा जनसंपर्क को और अधिक सक्रिय बनाने समन्वित रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर 16 मंडलों से मीडिया, सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के प्रभारी उपस्थित थे।



### फरवरी में होगी मां परमेश्वरी पुराण कथा

**राजनांदगांव**। देवांगन समाज द्वारा आगामी वर्ष में 15 फरवरी से राजनांदगांव में मां परमेश्वरी पुराण कथा कराने की तैयारी में जुटा है। इसे लेकर सभी समाज के लोग उत्साहित हैं। अभी से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। समाज के सभी लोगों को जोड़कर कार्यक्रम को भव्य रूप देने कार्ययोजना बनाई गई है। नगर देवांगन समाज के शोभाराम देवांगन, महिला विंग की अध्यक्ष मीना देवांगन, कोषाध्यक्ष मधु देवांगन, सचिव माहेश्वरी देवांगन, उपाध्यक्ष तारकेश्वरी, सह-सचिव नंदरानी देवांगन, शेखर देवांगन, ठाकुरराम देवांगन, तेजराम देवांगन, लालाराम देवांगन व इंजीनियर जीआर देवांगन समेत अन्य लोगों का जत्था परमेश्वरी पुराण का श्रवण करने भाटापारा पहुंचा था। बताया गया कि भाठापारा में मां परमेश्वर पुराण ज्ञान यज्ञ के व्यासपीठ पर कथावाचक संतोष गांगुली (खरोरा वाले) के मुखारविंद से मंगल माता दुर्गा परमेश्वरी की कथा की गंगा बह रही है। इसका श्रवण करने हर दिन बड़ी संख्या में भक्त जुट रहे हैं। इंजी. देवांगन ने बताया कि समाज ने उक्त आयोजन कराने का संकल्प लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।



### जिले में अब तक 2039.5 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव**। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 2039.5 मिमी बारिश एवं औसत 291.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 317 मिमी, लालबहादुर नगर तहसील में 305.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 409.2 मिमी, घुमका तहसील में 236 मिमी, छुरिया तहसील में 217.1 मिमी, कुमरदा तहसील में 310.8 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 243.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 409.2 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह सोमवार को राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 65.8 मिमी एवं औसत 9.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 17.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील अंतर्गत 2.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 28.2 मिमी, घुमका तहसील में 10 मिमी, छुरिया तहसील अंतर्गत 1.9 मिमी, कुमरदा तहसील में 4.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 0.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 28.2 मिमी दर्ज की गई है।

## पीएम सूर्यघर बिजली योजना में नांदगांव बनेगा अग्रणी: डॉ. रमन

# 50% घरों में सोलर पैनल लगाने वाले वार्ड को मिलेंगे 10 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में आयोजित प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सूर्यसभा एवं शून्य बिजली बिल वाले हितग्राहियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत शून्य बिजली बिल प्राप्त करने वाले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा जिलेवासियों से अधिक से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ एवं निःशुल्क ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केवल बिजली बचत की योजना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सूर्य को ऊर्जा और जीवन का स्रोत माना गया है। आज आधुनिक तकनीक के माध्यम से सूर्य की यही ऊर्जा प्रत्येक घर को रोशन कर रही है।



### 12 सौ घरों का बिल शून्य

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि राजनांदगांव जिले के लिए 13 हजार 500 सोलर संयंत्र स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 8 हजार 300 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं तथा 4 हजार 117 हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। इनमें 1200 से अधिक उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है तथा आने वाले महीनों में राजनांदगांव को इस योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश का अग्रणी जिला बनाया जाएगा।

### अभियान का आगाज

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पिछले आठ माह से विशेष अभियान चलाकर गांव-गांव और शहरों में शिविर आयोजित किए गए। जिससे योजना की प्रक्रिया को सरल बनाया गया।

### 44 हजार मकानों में लगेगा संयंत्र

*महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नगर निगम, विद्युत विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। जिन हितग्राहियों का बिजली बिल शून्य हो गया है, वे अपने अनुभव साझा कर अन्य लोगों को भी योजना से जोडने प्रेरित करें। नगर निगम क्षेत्र के लगभग 44 हजार मकानों में इस वित्तीय वर्ष के दौरान अधिक से अधिक सोलर संयंत्र स्थापित कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव और पद्मश्री फुलबासन बाई ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी योजना है।*

### शहर और गांव के लिए योजना

*विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि जिस नगर निगम वार्ड के 50 प्रतिशत घरों में सोलर संयंत्र स्थापित हो जाएंगे, उस वार्ड को 10 लाख रुपए के अतिरिक्त विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार जिस ग्राम पंचायत के 50 प्रतिशत घरों में सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे, उस ग्राम पंचायत को भी 10 लाख रुपए के अतिरिक्त विकास कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, पत्रकार, सामाजिक संगठन तथा योजना से लाभान्वित हितग्राही स्वयं इस योजना के ब्रांड एम्बेसडर बनकर अधिक से अधिक लोगों को सोलर अपनाने प्रेरित करें।*

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव**। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत जिले के आपदा प्रभावितों को स्वीकृत सहायता अनुदान राशि भुगतान हेतु तहसीलदार छुरिया एवं राजनांदगांव को उपलब्ध कराया गया है।

छुरिया तहसील अंतर्गत आग से 1 फसल क्षति होने पर 4 हजार 318 रुपए, आग से 1 पक्का मकान आंशिक क्षति होने पर 6 हजार 500 रुपए व बर्तन क्षति होने पर 2 हजार 500 रुपए, तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए तथा राजनांदगांव अंतर्गत अतिवृष्टि व आंधी तूफान से 9 मकान आंशिक क्षति होने पर 36 हजार रुपए, अतिवृष्टि व आंधी तूफान से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रुपए, आग से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रुपए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### बुनकरों के आंखों की जांच

**राजनांदगांव**। साइटसेवर्स इंडिया एवं शासकीय चिकित्सालय के संयुक्त सहयोग से श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित रेवाडीह में नेत्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 264 बुनकरों की आंखों की जांच की गई। जांच के उपरांत 127 बुनकरों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। वहीं जांच के दौरान 11 बुनकरों में मोतियाबिंद की पहचान की गई।

## बाइक को धक्का देकर लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के आरके नगर चौक के पास बाइक को धक्का देने के बाद प्रार्थी से लूटपाट करने के मामले की जांच करते पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 जुलाई को प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह देवरी महाराष्ट्र से अपनी मां के पास दवाई छोड़कर वापस अपने घर केम्प-1 भिलाई मोटर साइकिल से लौट रहा था।

इस दौरान आरके नगर चौक के पास मोटर साइकिल का पेट्रोल खत्म होने पर पैदल मोटर साइकिल को ढुलाते ले जा रहा था। करीबन सवा 4 बजे 3 अज्ञात लड़के काले रंग की स्कूटी से आए और उसे धक्का देकर मोटर साइकिल सहित जमीन में गिरा दिए और गले में पहने सोने की चैन करीब आधा तोला एवं जेब में रखे सैमसंग गलैक्सी मोबाइल कीमती 54,000 रुपए को लूटकर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 309(4), 3 (5) बीएनएस कायम कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाला, आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर आरोपी सुरेन्द्र यादव 18 साल निवासी लखोली नाका चौक, अभिषेक कुम्भारे 18 साल निवासी भरकापारा गंज चौक सहित एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक बिना नंबर का जुपीटर स्कूटी एवं लूटे गए मोबाइल को जब्त कर आरोपियों को 20 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

## विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए 101 स्कूल बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग एवं यात्रायात विभाग द्वारा पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में स्कूली बसों की जांच की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल कुमार भगत ने बताया कि इस दौरान 101 स्कूली वाहनों के 16 बिन्दुओं के अतिरिक्त वीएलटीडी व पैनिक बटन की जांच की की गई। जांच में कुछ वाहनों में कमी पाए जाने पर उसे पूरा कर दोबारा भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। सभी वाहन चालक वर्दी वाहनों के साथ उपस्थित हुए।

यातायात प्रभारी नवरत्न कश्यप ने सभी वाहन चालकों को वाहन धीमी गति से चलाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, स्कूल द्वारा अनुमोदित चालक ड्रेस पहन कर वाहन चलाने तथा परिचालकों को वाहन खड़ी होने के बाद ही बच्चों को नीचे उतारने व रोड पार कराने के निर्देश दिए। स्कूल बसों की जांच की कार्रवाई में परिवहन उप निरीक्षक सोनम लालचंदानी, येनलाल चन्द्राकर, शिवलाल सिंह कंवर, रामकरण रात्रे, मिथलेश कुमार, कपिल श्रीवास्तव, मिलाप बरेठ, रविकांत देवांगन, सुखदेव साहू, यशोदा साहू, रमाकांत, केशव राजपूत, विपिन मेहर शामिल थे।

### माडिफाइड साइलेंसर, पुलिस ने की कार्रवाई

**मोहला**। अभियान चलाकर पुलिस ने माडिफाइड साइलेंसर के मामले में वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 जुलाई को मोटर साइकिलों में लगे अत्याधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की सघन जांच की गई।

जांच में एक वाहन में अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर उसके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत 5,000 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

## कांग्रेस का नक्सल समर्थक चेहरा उजागर: रामजी भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा दुर्दान्त और खूंखार नक्सली कमांडर हिड़मा का महिमामंडन किए जाने पर कड़ा प्रतिकार किया है। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ की शांति, लोकतंत्र और बस्तर में शहादत देने वाले वीर जवानों व निर्दोष आदिवासियों का घोर अपमान बताया और कांग्रेस विधायक से इस शर्मनाक कृत्य के लिए जनता और शहीदों के परिवारों से बिना शर्त माफी की मांग की है।

प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक और निंदनीय है कि कांग्रेस के एक जिम्मेदार विधायक उस नक्सली हिड़मा की तुलना महान विभूतियों से कर रहे हैं, जो झीरम घाटी हमले, ताड़मेटला कांड और बीजापुर-सुकमा के अनगिनत नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड रहा है। हिड़मा ने छत्तीसगढ़ की धरती को हमारे वीर जवानों और निर्दोष आदिवासियों के खून से लाल किया है। ऐसे राष्ट्रविरोधी और नरभक्षी का महिमामंडन करना कांग्रेस की विकृत और नक्सल-समर्थक सोच को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि आज जब भाजपा सरकार बस्तर में विकास पहुंचा रही है और नक्सलियों को बैकफुट पर धकेल रही है, तब कांग्रेस नेताओं की यह छटपटाहट और नक्सलियों के प्रति हमदर्दी शर्मनाक रूप से सामने आ रही है। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान और प्रदेश नेतृत्व से सवाल किया है कि क्या वह अपने विधायक के इस देशविरोधी बयान से सहमत हैं? यदि नहीं तो कांग्रेस ने अब तक श्रीवास्तव पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की? छत्तीसगढ़ की जनता नक्सलियों को मसीहा बताने वाले इस कृत्य को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। बस्तर के जिन परिवारों ने नक्सली हिंसा में अपनों को खोया है, कांग्रेस विधायक का यह बयान उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। यदि अटल श्रीवास्तव सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा उनके इस कृत्य के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक उग्र प्रदर्शन करेगी।

## जिपं सीईओ ने किया पंचायतों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़, माचनपार, दीवानभेड़ी एवं ओदारबांध का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में निर्माणाधीन अटल समरसता भवन एवं अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में कर (टैक्स) वसूली की प्रगति की समीक्षा करते सचिव से ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज आंकड़ों की जानकारी ली। उन्होंने सरपंच एवं हितग्राहियों से संवाद कर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने शासकीय विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे पौष्टिक आहार की भी जानकारी ली। मचानपार में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत ओदारबांध में वीएनएम के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया तथा सरपंच से प्रस्तावित कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ग्राम पंचायत दीवानभेड़ी में परकोलेशन टैंक में निर्मित इंजेक्शन वेल का निरीक्षण किया। साथ ही दीवानभेड़ी, मारगांव एवं गिरगांव की पहाडियों पर जल एवं मृदा संरक्षण के लिए बनाए गए लगभग 6 हजार कंटूर ट्रेंच का भी अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन संरचनाओं के नियमित रखरखाव एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत डोंगरगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत टोप्पो, एसडीओ (आरईएस) श्रीकांत देवांगन, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा: समर्पित भाव से करें काम

# ब्रेस्ट कैंसर के 16 मरीजों का चल रहा निःशुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 17 जुलाई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले में बाल एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने समर्पित एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने सक्रियता एवं ईमानदारी से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में किसी भी गर्भवती महिला एवं नवजात शिशु की मृत्यु न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से की जाए तथा इस कार्य में तेजी लाई जाए।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, आवश्यक दवाइयों एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही मोबाइल के माध्यम से प्रतिदिन उनके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग कर समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले वर्ष इसी समय मातृ मृत्यु 5 हुई थी। जबकि इस वर्ष 2 मातृ मृत्यु है। इसी तरह पिछले वर्ष 53 शिशु मृत्यु हुई थी, जो इस वर्ष घटकर 44 हुई है। इस विशेष अभियान से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते इसे तेज गति से संचालित करने के निर्देश दिए।




### 15 बच्चों का निःशुल्क आपरेशन

*चिरायु योजना के तहत 48 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें से 15 बच्चों का हृदय रोग संबंधी बीमारियों का निःशुल्क सफलतापूर्वक ऑपरेशन हो गया है तथा 33 बच्चों का चिरायु टीम द्वारा नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में बेहतर हाइजीन बनाए रखना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके।*

### 4 हजार 887 बालिकाओं का टीकाकरण

उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 4 हजार 887 किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर स्कूलवार रोस्टर तैयार करने तथा इस माह के भीतर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में चिन्हांकित ब्रेस्ट कैंसर मरीजों के उपचार एवं स्क्रीनिंग की जानकारी लेते मरीजों के परिजनों से नियमित फॉलोअप करने तथा स्वास्थ्य में सुधार की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। 1826 ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग के पश्चात लक्षण की पहचान होने पर 16 मरीजों को तत्काल ईलाज के लिए रेफर किया गया।



**समस्या:** ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया लापरवाही का आरोप, सड़क निर्माण शीघ्र करने की मांग

# निर्माणाधीन पीएम सड़क बनी मुसीबत कीचड़ में फंसा समनापुर-मोतेसरा मार्ग

- स्कूली बच्चों से लेकर मरीजों तक सभी परेशान पीली मिट्टी डालकर काम छोड़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन समनापुर-मोतेसरा मार्ग अधूरा छोड़ दिए जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने सड़क पर केवल पीली मिट्टी डालकर निर्माण कार्य बंद कर दिया है। बारिश शुरू होते ही पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि स्कूली बच्चों, मरीजों और ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण का कार्य अप्रैल माह में शुरू हुआ था। उस समय ग्रामीणों ने ठेकेदार से बरसात और स्कूल खुलने से पहले आवागमन योग्य रास्ता बनाने की मांग की थी, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। अब बारिश के बीच सड़क पूरी तरह कीचड़ में बदल गई है।

समनापुर-मोतेसरा मार्ग के समीप एक ही परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। इसके बावजूद बच्चों के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध नहीं है। रोजाना छात्र-छात्राओं को चार से पांच किलोमीटर की दूरी दलदल और कीचड़ से होकर तय करनी पड़ रही है। कई बच्चों ने बताया कि स्कूल पहुंचते-पहुंचते उनके कपड़े और जूते पूरी तरह गंदे हो जाते हैं। बरसात में कपड़े सूख नहीं पाते, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी न तो निर्माण कार्य शुरू कराया गया और न ही वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था की गई। इससे लोगों में प्रशासन और संबंधित एजेंसी के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय से लौट रहे एक शिक्षक की तबीयत दलदल भरे रास्ते से गुजरते समय बिगड़ गई। सूचना मिलने पर सरपंच ने ट्रैक्टर के माध्यम से उन्हें मुख्य सड़क तक पहुंचाया, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए भेजा गया।

इसी प्रकार रात में गांव के एक गाय चरवाहे की अचानक तबीयत खराब हो गई। घर से मुख्य सड़क की दूरी करीब 150 मीटर होने के बावजूद कीचड़ और दलदल के कारण उसे बाहर निकालने में एक से डेढ़ घंटे का समय लग गया। ग्रामीणों का दावा है कि समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क पर गिट्टी या मुरुम डालकर आवागमन योग्य बनाया गया होता तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी और प्रशासन से तत्काल सड़क को आवागमन योग्य बनाने तथा निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



### स्कूल पहुंचना बनी चुनौती, पढ़ाई पर पड़ रहा असर

समनापुर और मोतेसरा के छात्र-छात्राओं ने बताया कि रोजाना चार से पांच किलोमीटर की दूरी कीचड़ भरे रास्ते से तय करनी पड़ती है। बारिश के कारण जूते, कपड़े और स्कूल बैग तक कीचड़ से भर जाते हैं। कई बार समय पर विद्यालय पहुंचना भी संभव नहीं हो पाता। बच्चों का कहना है कि यदि जल्द सड़क नहीं बनी तो बरसात के दौरान नियमित पढ़ाई प्रभावित होगी।

### समय पर सड़क बनती तो बच सकती थी जान

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने का खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बीमार व्यक्ति को मुख्य सड़क तक पहुंचाने में ही काफी समय लग जाता है। गाय चरवाहे की मौत के बाद ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।

### संपर्क किया पर फोन नहीं उठा

समनापुर से मोतेसरा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क के संबंध में जानकारी के लिए कार्यपालन अभियंता कबीरधाम संतोष ठाकुर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वो फोन नहीं उठाएं।



# निःशुल्क सोनोग्राफी व रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

रविवार को छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में विजय शर्मा के मंशानुरूप निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्र विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। इस शिविर में 102 गर्भवती महिलाओं ने निःशुल्क सोनोग्राफी जांच का लाभ लिया। वहीं 10 युवाओं एवं समाजसेवियों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की, जिससे 10 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई। वहीं रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया तथा लोगों को संदेश दिया गया कि रक्तदान महादान है, आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है। स्थानीय खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी ने आमजन से अपील की कि वे भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों एवं स्वैच्छिक रक्तदान अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार एवं सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

## खबर संक्षेप

### 20 वर्षो से साप्ताहिक रामायण मंडली का आयोजन

**कवर्धा।** सुखाताल जुन्नापारा मां महामाया मंदिर परिसर में लगभग पिछले 20 वर्षों से प्रत्येक शनिवार को संगीतमय श्रीरामचरित मानस की अवरिल धारा बह रही है, जिसमें आसपास एवं दूर-दराज के कई मानस मंडलियों द्वारा समय-समय पर श्रीराम चरित मानस का रसास्वादन कराया जाता है, आज के इस भौतिक सुख सुविधाओं एवं विलासिता से भरी दुनिया में मानव जाति इतना व्यस्त है कि एक पल का समय धर्म कर्म के लिए नहीं निकाल पाता, ऐसे समय में ऐसा दिव्य आयोजन का होना अपने आप में बहुत बड़ी बात है।

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**
**//सूचना//**
मामले का विषय-पुनरीक्षण प्रकरण
मामला का क्रमांक-399/अ-70/ वर्ष 2023-24
पक्षकार-डेरहा राम विरूद्ध मनमोहन अवस्थी एवं 02 अन्य
तिरनू बैगा पिता गृजलाल बैगा
निवासी-ग्राम खड़ौदाखुर्द तह. बोड़ला
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है डेरहा राम आ. जगत लोहार निवासी ग्राम खड़ौदाखुर्द तह. बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के प्रकरण क्रमांक 202307080600026 अ-70 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 31.07.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा-50 के तहत पुनरीक्षण प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की **सुनवाई तिथि 20.08.2026 दिन-गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग** में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 16.07.2026
आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

# उपमुख्यमंत्री के जन्मदिन पर 53 विशेष आहुतियां सनातन संस्कार समिति ने की दीर्घायु की कामना

- समिति सदस्यों ने विजय शर्मा के उत्तम स्वस्थ जीवन कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के 53वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर सनातन संस्कार समिति कवर्धा द्वारा एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक और धार्मिक आयोजन में उनके यशस्वी, प्रतापी और दीर्घायु होने की मंगल कामना करते हुए यज्ञ कुंड में 53 विशेष आहुतियां अर्पित की गईं। समिति द्वारा इस आयोजन को विशेष रूप से यज्ञीय जन्म दिवस का नाम दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण और जीवेम शरदः शतम के पवित्र भाव के साथ सनातन संस्कार समिति के सदस्यों ने हवन किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री के जीवन के सफल 53 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 53 आहुतियों का यह विशेष संकल्प लिया गया था, ताकि प्रदेश के विकास में उनका नेतृत्व इसी तरह ऊर्जावान बना रहे। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों और समिति के सदस्यों ने विजय शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। समिति द्वारा जारी किए गए शुभकामना संदेश और पोस्टरों में भी उन्हें धर्म, संस्कृति और समाज की निरंतर सेवा के लिए प्रेरित करते हुए जन्मदिवस की बधाई दी। इस आयोजन में सनातन संस्कार समिति, कवर्धा के अनेक सदस्य, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक भारी संख्या में श्रद्धाभाव के साथ उपस्थित थें और सभी ने एक स्वर में उपमुख्यमंत्री के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### स्काउट-गाइड्स ने दिया जागरूक नागरिकता का अनुकरणीय उदाहरण



कवर्धा। शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक, उत्तरदायी एवं संवेदनशील नागरिक बनाना भी है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के उप-प्राचार्य एवं स्काउटर लोकनाथ देवांगन के नेतृत्व में विद्यालय के स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों ने दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाकर सीखने और समाज सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी क्रम में विद्यालय के स्काउट-गाइड दल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लोकतंत्र के सर्वोच्च राज्य स्तरीय विधायी सदन की कार्यप्रणाली, विधानसभा की संरचना, विधेयकों के निर्माण की प्रक्रिया, जनप्रतिनिधियों की भूमिका तथा शासन-प्रशासन की निर्णय प्रक्रिया को निकट से समझा। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जागरूकता, सहभागिता, अनुशासन एवं संवैधानिक कर्तव्यों के पालन से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था सुदृढ़ बनती है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा भवन की ऐतिहासिक एवं स्थापत्य विशेषताओं को भी जाना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान के प्रति सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत कक्षा सिद्ध हुआ, जिसने उनके ज्ञान, दृष्टिकोण एवं नेतृत्व क्षमता का विस्तार किया। विधानसभा भ्रमण के पश्चात विद्यालय के स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने पुनः सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए मेडिकल कॉलेज, कवर्धा में आयोजित विशाल वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता की। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के डायरेक्टर पवन देवांगन के साथ स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया।

### राहत की झमाझाम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हुई हल्की तेज बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली।

# रवेली स्कूल में छात्राओं की बाल सांसद कैबिनेट का चुनाव प्रक्रिया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय व संकुल रवेली में शनिवार को बैग लेस डे पर बाल सांसद कैबिनेट का चुनाव कराया गया, जिसमें प्रधानमंत्री शाला नायक के रूप में तीन प्रत्याशी कक्षा 6वीं, कक्षानायक 04 प्रत्याशी 7वीं, कक्षानायक 04 प्रत्याशी, 8वी कक्षा नायक 04 प्रत्याशी, शिक्षामंत्री हेमलता पटेल, यश चेलक, स्वास्थ्य मंत्री मोहनीशमनि साहू, मुकेश कुशाम, इको क्लब कृषिमंत्री लक्की निषाद, आदित्य पाली, लक्ष्मी साहू, खेल व्यायाम उदय झरिया, मानसी गंधर्व, पर्यावरण मंत्री, स्वच्छता मंत्री आकाश पटेल, मीरा साहू उप कक्षानायक आदि महत्व पूर्ण पदों पर चुना गया।

सुबह 7:30 से प्रत्याशी प्रस्तावक, नामांकन, चुनाव चिन्ह, चुनाव प्रशिक्षण समझा ना, चुनाव बूथ, मतदान पेटी, अलग अलग रंग के मत पत्र सफेद, गुलाबी, हरा, पीला आदि रंगो से मतदाता एजेंट, पुलिस कर्मी आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा के पश्चात चुनाव 9 से 11 बजे तक आयोजित किया जिसमें कक्षा 6वी से 8वीं तक कुल 136 विद्यार्थी मतदाताओं ने वोट डालने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

वही ग्रापं रवेली के सरपंच श्रीमती नेहा दिनेश झारिया, उपसरपंच बलराम साहू, एसएमसी शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामाधार साहू, उपाध्यक्ष जयकुमार साहू ने चुनाव की सारी प्रक्रिया तक रहकर मतगणना कर विजयी प्रत्याशियों को फूल-माला व गुलाल तथा नारियल से भेंटकर आर्शीवाद प्रदान किया। वहीं सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने संबोधन में शाला नियमित आने, स्कूल अनुशासन, भाईचारा से रहने एवं पढ़-लिख कर माता-पिता का नाम रौशन करें।

प्रधानमंत्री शाला नायक मुकेश साहू, कक्षा नायक 6वी छात्रा खिलेश्वरी साहू, कक्षा 7वीं कक्षा नायक पुरुषोत्तम पाठक, कक्षा 8वीं कक्षानायक चेतन साहू को नियुक्त किया गया। उन्होने कहा कि खेल-खेल में पढ़ाई के साथ अन्य कौशल, योगा खेल-कूद, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन प्रभारी सांस्कृतिक प्रभारी आदि महत्व पूर्ण कार्य संपन्न हुआ।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ग्रामीणों व स्कूली छात्र छात्राओं को उठानी पड़ रही भारी परेशानी

# कच्ची सड़क बनी परेशानी का सबब

- 500 मीटर कच्ची सड़क बनी बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में मात्र 500 मीटर कच्ची सड़क ग्रामीणों, स्कूली बच्चों के लिए बड़ी समस्या बन गई है।

ग्रामीणों के अनुसार सारंगपुर चौक से बांझीमौहा प्रधानमंत्री सड़क तक लगभग 500 मीटर मार्ग अब भी कच्चा है। बरसात के कारण सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में पानी भर गया है और पूरा रास्ता कीचड़ से लथपथ हो गया है। इससे कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार सायकिल के पहिए कीचड़ में फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। वहीं गर्मी के दिनों में इसी कच्चे मार्ग पर वाहनों के चलने से धूल, मिट्टी और कंकड़ उड़ते हैं, जिससे राहगीरों और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि जगह-जगह बने गड्ढे छोटे-छोटे तालाब जैसे दिखाई देते हैं। यह मार्ग केवल ग्रामीणों और विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

सारंगपुर खुर्द में स्थित श्री पंचदेव मंदिर में दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। खराब सड़क के कारण उन्हें भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सारंगपुर चौक से बांझीमौहा पीएम सड़क तक के 500 मीटर मार्ग का शीघ्र निर्माण या मरम्मत कराई जाए, ताकि स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



खबर संक्षेप



## हृदय रोग से ग्रसित 53 बच्चों की ईको कार्डिग्रापी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के जन्मदिन के अवसर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय कबीरधाम में चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय निःशुल्क ईको कार्डियोग्राफी जांच आयोजित किया गया। जिनमें जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित 0 से 18 वर्ष के 53 बच्चों का ईको कार्डिग्रापी किया गया। जांच उपरांत 21 बच्चों को ऑपरेशन की सलाह दी गई और 7 बच्चों को एक साल बाद पुनः ईको जांच के लिए बोला गया। यह जांच शिविर श्री वेंकटेश हॉस्पिटल के सहयोग से कराया गया। सीएमएचओ डॉ देवेंद्र तुर्रे के निर्देशन व डीपीएम श्रीमती अनुपमा तिवारी के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ।

## 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत पांच विपत्ति ग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम डेंगुरजाम निवासी राजेश बैगा की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके माता सोनिया बाई को, ग्राम भांगीटोला पोलमी निवासी रामकली बाई की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति जगतराम को, ग्राम साजापारा निवासी बेदप्रसाद की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पत्नी कमला पात्रे को ग्राम कांदावानी निवासी अमर सिंह की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके मां पांचोबाई को और ग्राम खैरबनाकला निवासी जलेश्वरी की आग में जलने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति भारत को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

## कबीरधाम जिले में 228.8 मिमी औसत वर्षा

**कवर्धा।** जिले में एक जून से आज तक 228.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 213.0 मिमी, पंडरिया तहसील में 178.7 मिमी, बोड़ला तहसील में 214.0 मिमी, स.लोहारा तहसील में 174.4 मिमी, रेंगाखार तहसील में 168.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 162.5 मिमी, पिपरिया तहसील में 374.9 मिमी और कुकदूर तहसील में 344.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 20 जुलाई की स्थिति में पिछले चैबीस घंटे में जिले में 6.8 मिमी औषत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 14.6 मिमी, पंडरिया तहसील में 6.0 मिमी, बोड़ला तहसील में 0.0 मिमी, स.लोहारा तहसील में 10.2 मिमी, रेंगाखार तहसील में 4.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 17.5 मिमी , पिपरिया तहसील में 1.7 मिमी और कुकदूर तहसील में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ठगी: अंजना गांव के 5 ग्रामीणों से करीब 2.60 लाख रुपए वसूली

# फर्जी वन अधिकार पट्टा देकर जिले के वनवासियों से की जा रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



### अभियान चलाकर कार्रवाई की जरूरत

दुर्भाग्य का विषय है कि जिले में लगातार ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन तथा वन विभाग द्वारा इन मामलों को जरा भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिससे ठगों के हौसले बुलंद हैं। माना जा रहा है कि अगर इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पूरे जिले में विशेष जांच अभियान चलाकर अवैध वन अधिकार पट्टा के खिलाफ कार्यवाही की जाए तो न सिर्फ कई बड़े खुलासे हो सकते हैं बल्कि सैकड़ों एकड़ वनभूमि को अवैध कब्जा मुक्त भी कराया जा सकता है।

### जंगलों में अवैध कटाई और खेती जारी, समर्थन मूल्य में बिक रही अवैध कब्जे में उपजी फसल

वन अधिकार पट्टा के नाम पर अवैध कब्जा, कटाई और खेती का सिलसिला बदस्तूर जारी है, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। विशेष कर मानसून के सीजन में जंगलों में अवैध कब्जा की बाढ़ सी आ जाती है और कब्जाधारी जिले के जंगलों के भीतर हरे-भरे पेड़ों को नष्ट कर और उसे कृषि भूमि में तब्दील कर धान सहित अन्य फसल लेते हैं। इतना ही बाद भी वे इसी फसल को सरकार समर्थन मूल्य में बेंच भी रहे हैं।

जिले के जंगलों का बेजा दोहन करने में न तो राज्य सरकार पीछे है और ही वन तस्कर। सरकार की बात की जाए तो सरकार बकायदा ठेका जारी कर वन उपज संग्रहण से लेकर जंगलों में इमारती लकड़ियों की नीलामी के जरिए वर्षों से अपना खजाना भरते आ रही है। अब तो कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण में वन विभाग के जरिए 36 किलोमीटर लंबा जंगल सफारी ट्रैक और 6 किलोमीटर लंबा इको ट्रैक भी शुरू कर कमाई की व्यवस्था कर ली गई है।

दूसरी तरफ वन तस्कर जिले के जंगलों को बड़ी ही बेदर्दी से उजाड़ कर दोहन करते आ रहे हैं। लेकिन जहां तक जंगलों के संरक्षण और संवर्धन की बात की जाए तो इसके लिए प्रदेश सरकार से लेकर स्थानीय शासन प्रशासन और वन विभाग जरा भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है। यही वजह है कि अब कुछ सक्रिय ठगों ने जंगलों के फर्जीवन वन अधिकार पट्टा बनाकर जंगलों को बर्बाद करने का एक नया रास्ता खोल दिया है।

ऐसा ही एक मामला कवर्धा जिले के रेंगाखार वन परिक्षेत्र अंतर्गत समनापुर सर्किल के ग्राम अंजना से सामने आया है, जहां अशिक्षित बैगा आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के लगभग 5 ग्रामीणों से प्रति पट्टा 50 से 60 हजार रुपए की राशि वसूली गई, जिससे कुल ठगी का आंकड़ा करीब 2 लाख 60 हजार रुपए तक पहुंच गया। आरोप है कि गांव के ही राजेंद्र सिंह धुर्वे ने ग्रामीणों को वन भूमि का पट्टा दिलाने का झांसा देकर यह रकम वसूली। पीड़ित ग्रामीण चमर सिंह ने बताया कि उन्होंने 50-50 हजार रुपए देकर अपने और अपने पुत्र के नाम पर 2-2 एकड़ भूमि के दो वन अधिकार पट्टे बनवाए।

इसी तरह संतोष कुमार धुर्वे ने 60 हजार रुपए देकर 3 एकड़ का पट्टा बनवाने की बात कही। वहीं पंचू सिंह ने बताया कि उन्होंने भी करीब 7 महीने पहले 50-50 हजार रुपए देकर अपने और अपनी पत्नी के नाम पर दो-दो एकड़ के पट्टे बनवाए थे। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस रकम की व्यवस्था करने के लिए उन्हें अपने घर की धान और महिलाओं के जेवर तक बेचने पड़े। मामले का खुलासा तब हुआ जब किसान इस सीजन में खेती के लिए समनापुर सेवा सहकारी समिति में पट्टों का पंजीयन कराने पहुंचे। वहां अधिकारियों ने पहली नजर में ही इन दस्तावेजों को फर्जी और अवैध करार दे दिया। इसके बाद पीड़ितों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी और झलमला पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपनी राशि वापस दिलाने की मांग की है।

# विद्युत विभाग नहीं सुन रहा किसान की गुहार

- बीते महिने भर से पीड़ित किसान दफ्तरों के काट रहा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के मुख्य अभियंता एचके मेश्राम एवं कार्यपालक निदेशक परियोजना एम जामुलकर ने कबीरधाम जिलें के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर इस बात के निर्देश दिए थे कि विद्युत उपभोक्ताओं की शिकवा शिकायतों और विशेष कर किसानो की शिकायतों व समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें।



लेकिन ऐसा लगता है कि विभाग के अधिकारियों ने बैठक में ही इन निर्देशों एक कान से सुनने के बाद दूसरे कान से बाहर निकाल दिया है। यही वजह है कि जिले के ग्राम गोबर्रा तहसील कुण्डा के किसान सागर साहू के खेत में लगे नलकूप को आपूर्ति करने वाला बिजली का केबल तार जर्जर होकर करीब एक माह से ज्यादा समय से खराब पड़ा है जिसकी शिकायतें दर्जनो मर्तवा किए जाने के बाद भी विभाग के अधिकारी किसान की गुहार नहीं सुन रहे हैं। पीड़ित किसान ने बताया कि वे पिछले एक माह से कार्यपालन अभियंता पंडरिया कार्तिक झा, सहायक अभियंता कोमल साहू पंडरिया, कनिष्ठ अभियंता सत्यम मेरावी कुण्डा के चक्कर लगा लगाकर थक चुके है। लेकिन उन्हें हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया जा रहा है।

किसान ने बताया कि यह खेती किसानी का समय है और नलकूप बंद होने के कारण वे धान का रोपा नहीं लगा पा रहे हैं। बताया जाता है कि अब थक हारकर पीड़ित किसान ने अपनी समस्या से भारतीय किसान संघ को अवगत कराया है और संघ ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन के अंदर केबल तार नहीं बदला गया तो भारतीय किसान संघ बिजली विभाग पंडरिया के सामने धरना प्रदर्शन करेगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। उक्त जानकारी संघ के जिला प्रचार प्रमुख दिनेश चन्द्रवंशी ने जारी बयान में दी है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा पंचायत का नाली निर्माण

## घटिया निर्माण सामग्री के साथ मनमानी भी





### जनपद के सीईओ ने दिया जांच का भरोसा

5 लाख के इस प्रोजेक्ट में हुए इस खुले भ्रष्टाचार की गूंज अब ऊंचे अधिकारियों तक पहुंच चुकी है। इस पूरे विषय पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए जनपद सीईओ आकाश राजपूत ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। देखने वाली बात होगी की अब इस पर क्या कार्यवाही की जाती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

ग्राम पंचायत तरेंगांव मैदान के आश्रित ग्राम लालपुर खुर्द में चल रहा नाली निर्माण कार्य भ्रष्टाचार और विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

शासन द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए 5 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत इस निर्माण कार्य में कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत तरेंगांव मैदान द्वारा ही नियमों को ताक पर रखकर घटिया निर्माण सामग्री का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद जब मीडिया ने इस जमीनी हकीकत को उठाया, तब जाकर प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा है। बताया जाता है कि कार्य ऐजेंसी द्वारा नाली निर्माण में तकनीकी मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। निर्माण कार्य में सफेद और मजबूत गिट्टी की जगह बेहद घटिया क्वालिटी की लाल बारीक गिट्टी का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा था।

इतना ही नहीं, नाली को मजबूती देने के लिए लगाए जाने वाले लोहे के सरियों की दूरी भी निर्धारित सरकारी मानक से कहीं अधिक रखी गई थी। साफ है कि सरिए की मात्रा कम करके और घटिया मटेरियल लगाकर सरकारी राशि को ठिकाने लगाने का खेल खेला जा रहा था। जब इस पूरे गड़बड़झाले को लेकर विभाग के तकनीकी सहायक से जानकारी ली गई, तो वे अगले दिन मौके पर पहुंचे। उन्होंने आनन-फानन में वहां बची हुई लाल बारीक गिट्टी को तो मौके से हटवा दिया, लेकिन तब तक कुछ मीटर तक का नाली निर्माण इसी घटिया मटेरियल से किया जा चुका था।

इस गंभीर लापरवाही पर पर्दा डालते हुए तकनीकी सहायक ने एक हास्यास्पद और अजीबोगरीब दलील दी। उनका कहना था कि लाल गिट्टी केवल बेस के लिए लाई गई थी। काम के दौरान मुख्य मटेरियल खत्म हो गया था, इसलिए थोड़ा सा काम इस लाल गिट्टी से कर दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि नाली निर्माण के बेस में लाल बारीक गिट्टी का उपयोग किस सरकारी नियम के तहत जायज है?

इस तकनीकी सहायक की यह दलील ही यह साबित करने के लिए काफी है कि निर्माण कार्य में पंचायत और तकनीकी अमले की मिलीभगत से भारी अनियमितता बरती गई है।

# कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास दुल्लापुर की बालिकाओं की अचानक बिगड़ी तबियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर में संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास में सोमवार को अध्यनरत करीब 13 छात्राओं की अचानक तबियत खराब हो गई।

बताया जाता है कि छात्रावास में भोजन खाने के बाद इन छात्राओं को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत शुरू हो गई। इस शिकायत के सामने आने के बाद पूरी छात्रावास प्रशासन में हड़कंप मंच गया और आननफानन में ज्यादा पीड़ित चार छात्राओं को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया। वहीं अन्य छात्राएं स्थानीय ईलाज के बाद ठीक बताई जा रही है। इस संबंध में छात्रावास अधीक्षिका कामिनी जोशी ने बताया कि फूड प्याजनिंग का मामला नहीं लगता क्योंकि इन छात्राओं के आलावा छात्रावास की अन्य करीब 200 बालिकाओं ने भी वहीं भोजन खाया था। ऐसे में यह मौसम की वजह से हो सकता है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी सक्रियता दिखाते हुए अपनी टीम को मौके पर रवाना किया और प्रभावित बालिकाओं के बेहतर ईलाज की व्यवस्था कराई। साथ ही छात्रावास में परोसे गए भोजन की जांच कराए जाने की बात कहीं जा रही है। बहरहाल बच्चियों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

# राजानवागांव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के बेहतर अवसरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजानवागांव में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, अध्ययन की रणनीतियों तथा भविष्य की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रमोद कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्याता विवेक कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेखर सिंह राजपूत एवं रोशे लाल पाटिल ने छात्राओं को घर में लगन से पढ़ाई करने और घरेलू रोजगार संबंधित जानकारी दिया। सुजीत कुमार गुप्ता प्राचार्य ने गणित विषय पर बेहतर विकल्प पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल का विकास करते हुए उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन शिवेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने किया। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम मिशन समन्वयक कविता राजपूत और सरिता साहू ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की मूल भावना को व्यक्त करते हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न से सम्मानित किया ।इस अवसर पर व्याख्याता पूनम तिवारी, तरुणा नामदेव, आशा अवस्थी, बरखा रानी साहू, आशीष तिवारी धनंजय यादव, पवन सिंहा सहित विद्यालय का शिक्षकीय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने करियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम के समापन पर पौधरोपण कार्यक्रम किया गया।

## तीन साल का बालक सर्पदंश का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुकरापानी निवासी एक 3 वर्षीय बालक जहरीले सर्प दंश का शिकार हो गया। जिसके बाद उसे अब जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसका ईलाज जारी है। बताया जाता है ग्राम कुकरापानी निवासी मनेश बेग आयु 3 वर्ष सोमवार की सुबह अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सर्प ने उसे कान में दंश मार दिया। जिसके बाद मनेश का पूरा चेहरे में सूजन आ गई। लेकिन परिजनों ने इस गंभीर स्थिति में भी पीड़ित बालक को अस्पताल ले जाने के बजाय पहले झाड़ फूंक कराया और जब हालत में कोई सुधार नही हुई तब उसे तरेगांव जंगल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों बच्चे की स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल जिला अस्पताल कवर्धा रिफर कर दिया है। फिर जिला अस्पताल में बच्चे का ईलाज जारी है।

### जनजागरण अभियान एवं जनप्रतिनिधियों से मिलने की बनी रणनीति

# रेलवे संघर्ष समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बहुप्रतीक्षित कटघोरा-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेलवे परियोजना को शीघ्र प्रारंभ कराने के उद्देश्य से रेलवे संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पुनर्गठन, आगामी कार्ययोजना तथा जनआंदोलन को पुनः सशक्त स्वरूप देने पर विस्तृत चर्चा हुई।

उपस्थित सदस्यों ने एकमत होकर कहा कि यह रेल परियोजना केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि कबीरधाम, खैरागढ़, मुंगेली एवं आसपास के समूचे क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, पर्यटन तथा सामाजिक विकास की आधारशिला है। बैठक में वरिष्ठ सदस्य बंटी, मनीष तिवारी ने कहा कि वर्षों से लंबित इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गति दिलाने के लिए अब रेलवे संघर्ष समिति संगठित रूप से क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से भेंट करेगी। उन्होंने सांसद, विधायक, उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री तथा रेल मंत्रालय के समक्ष क्षेत्रवासियों की भावनाओं एवं मांगों को मजबूती से रखने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि अब केवल आश्वासनों का समय समाप्त हो चुका है, इसलिए परियोजना का कार्य प्रारंभ कराने के लिए निर्णायक पहल आवश्यक है।

उनके इस प्रस्ताव का उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। बैठक को संबोधित करते हुए निखिलेश शरण सोनी 'प्रतीक' ने कहा कि कटघोरा-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेलवे लाइन पूरे अंचल की ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी विकास परियोजना है।

उन्होंने इसके समर्थन में व्यापक जनजागरण अभियान चलाने, गांव-गांव संपर्क अभियान, युवाओं, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को जोड़ने तथा इस जनहित के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि जब तक यह परियोजना धरातल पर नहीं उतरती, तब तक समाज के प्रत्येक वर्ग को शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संगठित तरीके से संघर्ष जारी रखना होगा। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रेलवे संघर्ष समिति को पुनः सक्रिय एवं संगठित कर इस जनहितकारी अभियान को नई ऊर्जा एवं व्यापक जनसमर्थन के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

### समिति का पुनर्गठन आगामी बैठक में



बैठक के अंत में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि रेलवे संघर्ष समिति का विधिवत पुनर्गठन आगामी बैठक में किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष, संरक्षक, कार्याध्यक्ष, संयोजक, सह-संयोजक, महासचिव, सचिव, मीडिया प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया जाएगा, जिससे समिति और अधिक संगठित, प्रभावी एवं जनसक्रिय रूप में क्षेत्र की इस बहुप्रतीक्षित रेलवे परियोजना के लिए संघर्ष कर सके। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि कटघोरा-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेलवे परियोजना के निर्माण तक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। जन-जागरण, जनसंपर्क, जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद तथा लोकतांत्रिक आंदोलनों के माध्यम से इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# स्काउट गाइड ने देखी छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही, प्राप्त की आवश्यक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कबीरधाम के नवनियुक्त जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता के नेतृत्व एवं जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के 70 स्काउट-गाइड के छात्र/छात्राओं ने विधानसभा का भ्रमण किया एवं सदन की कार्यवाही देखी। 17 जुलाई को विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिवस पर कबीरधाम जिले के स्काउट/गाइड के विद्यार्थियों ने विधानसभा का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा सदन के प्रश्नकाल एवं अविश्वास प्रस्ताव जैसे महत्वपूर्ण कार्यवाही को देखा एवं कार्यवाही को समझने का अवसर मिला है और लोकतांत्रिक देश भारत में, लोकतंत्र में वोट की ताकत को करीब से जाना, जिसमें जनता के वोट से चुनी हुई। सरकार प्रदेश के विकास व जनता के हितकर फैसले कैसे लेती है। विधेयक कैसे पारित होते हैं, छत्तीसगढ़ राज्य की जनता की समस्या का समाधान कैसे होता है, इनको समझा।

बच्चे भारत के राजनीति विज्ञान के नए आयाम को समझें। कैसे हमारे वोट से बने विधायक व मंत्री हमारे लिए सदन में आवाज उठा कर जनता की समस्या का समाधान लाती हैं। बच्चें सदन की कार्यवाही से बहुत ही प्रेरित हुए।

जिला प्रभारी के रूप में जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, सुजीत कुमार गुप्ता, नीलम यदु, प्रियप्रकाश साहू, संजू जायसवाल, संजू मिश्रा, भगवती हठीले के सहयोग से भ्रमण व सदन की कार्यवाही अच्छे से बच्चों ने जाना एवं समझा।